**INTERNATIONAL INDIAN SCHOOL, DAMMAM**
**MIDDLE SECTION**
**MIDTERM - WORKSHEET – 2025-26**

**CLASS: 8th** **SUBJECT: Hindi**

**PORTION:- पाठ -लाख की चूड़ियाँ ,पाठ - बस की यात्रा ,कविता - दीवानों की हस्ती, कविता - भगवान के डाकिए , पाठ - क्या निराश हुआ जाए, पाठ -पानी की कहानी**
**व्याकरण - पर्यायवाची शब्द ,विलोम शब्द ,क्रिया , शब्द व वाक्य शुद्धिकरण , पठित व अपठित गद्यांश , पठित पद्यांश , अनुच्छेद लेखन (प्रतियोगिता) ,पत्र लेखन (औपचारिक) , विज्ञापन , निर्देशानुसार**

**प्र 1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर चुनकर लिखिए -**

प्रत्येक नागरिक के कुछ कर्तव्य और अधिकार होते हैं। नागरिक का सबसे बड़ा कर्तव्य यह है कि वह अपने देश की सुरक्षा एवं शांति के लिए सदा प्रत्यनशील रहे। यदि देश पर कोई विदेशी आक्रमण हो या देश की सुरक्षा एवं शांति खतरे में पड़े अथवा देश में कोई उपद्रव हो, तो उस समय वह बिना दुविधा में पड़े सरकार की सहायता करें। प्रजातंत्र में जनता की चुनी हुई सरकार होती है। सरकार का काम धन से चलता है और धन सरकार को करों द्वारा प्राप्त होता है। अतः प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह ईमानदारी से करों का भुगतान करें।

1. नागरिक का सबसे बड़ा कर्तव्य क्या है**?**
   (अ) वह अपने देश की सुरक्षा एवं शांति के लिए सदा प्रत्यनशील रहे।
   (ब) देश की सुरक्षा एवं शांति खतरे में पड़े, तो उस समय वह सरकार की सहायता करें।
   (स ) वह ईमानदारी से करों का भुगतान करें। (द) उपर्युक्त सभी
2. प्रजातंत्र में कैसी सरकार होती है?
   (अ) जनता की चुनी हुई सरकार होती है। (ब) राजा की चुनी हुई सरकार होती है।
   (स) सेना की चुनी हुई सरकार होती है। (द) उपर्युक्त सभी
3. सरकार को धन कहाँ से प्राप्त होता है?
   (अ) बैंकों से (ब) उद्योग- धंधों से (स) करों से (द) दान से.
4. यदि देश पर कोई विदेशी आक्रमण हो या देश की सुरक्षा एवं शांति ख़तरे मैं पड़े, तब नागरिक को क्या करना चाहिए?
   (अ) सरकार की सहायता करनी चाहिए। (ब)पलायन करना चाहिए ।
   (स) अपने काम से मतलब रखना चाहिए । (द) पैर पसारकर सोना चाहिए ।
5. उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखो।
   (अ)' देश और प्रजातंत्र' (ब) 'देश की शांति '
   (स)' देश के नागरिक और सुरक्षा' (द)' देश के नागरिक और उनके कर्तव्य'

**प्र 2. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर चुनकर लिखिए-**

ठगा भी गया हूँ, धोखा भी खाया है, परंतु बहुत कम स्थलों पर विश्वासघात नाम की चीज़ मिलती है। केवल उन्हीं बातों का हिसाब रखो, जिनमें धोखा खाया है तो जीवन कष्टकर हो जाएगा, परंतु ऐसी घटनाएँ भी बहुत

कम नहीं हैं लोगों ने अकारण सहायता की है. निराश मन को ढाँढस दिया है और हिम्मत बँधाई है। कविवर रवींद्रनाथ ठाकुर ने अपने प्रार्थना गीत में भगवान से प्रार्थना की थी कि संसार में केवल नुकसान ही उठाना पड़े, धोखा ही खाना पड़े तो ऐसे अवसरों पर भी हे प्रभो! मुझे ऐसी शक्ति दो कि मैं तुम्हारे ऊपर संदेह न करूँ।

1. जीवन कष्टकर कब हो जाता है

(अ) दर्द का हिसाब रखने पर (ब) धोखे का हिसाब रखने पर

(स) गरीबी का हिसाब रखने पर (द) हिम्मत का हिसाब रखने पर

2. " हे प्रभो मुझे ऐसी शक्ति दो कि मैं तुम्हारे ऊपर संदेह ना करूँ। किसने कहा ?

(अ) हरिशंकर परसाई (ब) भगवतीचरण वर्मा

(स) हजारी प्रसाद द्विवेदी (द) रवींद्रनाथ ठाकुर

3. कैसे अवसरों पर भगवान पर संदेह नहीं करना चाहिए ?

(अ) नुकसान और धोखा खाने प र (ब) बीमार हो जाने पर

(स) प्रिय वस्तु चोरी हो जाने पर (द) विद्यालय में देरी से पहुँचने पर

4. 'नुकसान ' शब्द का विलोम शब्द लिखिए।

(अ) हानि (ब) फायदा (स) बढ़ोतरी (द) अमीरी

.5" ठगा भी गया हूँ, धोखा भी खाया है।" निम्नलिखित वाक्यों में से कौनसा वाक्य उपर्युक्त कथन को सिद्ध नहीं करता ?

(अ) लेखक को बार धोखा मिला है। (ब) लेखक सबकुछ भुलाकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

(स) लेखक दूसरों को धोखा देता है। (द) लेखक निराश न होने की सलाह देता है।

प्र 3. निम्नलिखित पठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर चुनकर लिखिए-

पक्षी और बादल
ये भगवान के डाकिये है ,
जो एक महादेश से
दूसरे महादेश को जाते हैं ।
हम तो समझ नहीं पते हैं
मगर उनकी लाई चिठ्ठियाँ
पेड़, पौधे , पानी और पहाड़ बाँचते है ।

1 .भगवान के डाकिये इस संसार को क्या संदेश देना चाहते हैं?

(अ) आपसी प्रेम का (ब) विश्व -बंधुत्व का (स)भेदभाव न रखने का (द) निरन्तर आगे बढ़ने का

2. मनुष्य भगवान के डाकिए का सदेश कितना समझ सकता हैं ?

(अ) पूरी तरह से (ब) वे केवल आँकलन ही कर सकते हैं । (स)बिलकुल भी नहीं (द) इनमे से कोई नहीं

3. 'बाँचना' का अर्थ है?
   (अ) बचना (ब) बचाना (स) लिखना (द) पढ़ना
4 .पक्षी और बादल भगवान के डाकिए क्यों है ?
   (अ) क्योंकि ये ही भगवान का सन्देश हम तक लाते हैं। (ब) पक्षी और बादल उन्मुक्त रहते हैं
   (स) वे देश की सीमाओं में बंधे नहीं हैं । (द) उपर्युक्त सभी
5.'भगवान के डाकिए' के रचयिता कौन हैं ?
   (अ) रामदरश सिंह (ब) हरिशंकर परसाई (स) रामधारी सिंह 'दिनकर' (द) रणवीर सिंह 'दिनकर'

**प्र. 4.निर्देशानुसार उत्तर लिखिए-**

1. बदलू हर रोज़ --------- जोड़ी लाख की चूड़ियाँ बनाता था।(चार- छह/ आठ -दस)
2. बदलू के अनुसार शहर की औरतों की कलाइयाँ --------- होती है ।( नाज़ुक/ कठोर)
3. दीवानें -------उड़ाते चलते है ।( धूल/ रेत)
4. कंडक्टर , लेखक के बच्चों के लिए ----------लेकर आया ।( शरबत/ दूध और पानी)
5. लेखक की कलाई से हथेली पर आकर बूँद के ------- कण हो गए ।(चार/दो)
6. हमारी यह पृथ्वी प्रारंभ में एक बड़ा ---------का गोला थी।(बर्फ़/आग)
7. लेखक की कलाई पर बूँद कहाँ से आ गिरी?( बरगद का पेड़/नीम का पेड़/ बेर का पेड़)
8. आजकल <u>आरोप</u> और दोषारोपण का वातावरण फैल रहा है।(रेखांकित शब्द का विलोम शब्द है- आय/प्रत्यारोप)
9. बच्चे उद्यान में खेल रहे हैं।( रेखांकित शब्द का पर्यायवाची शब्द है- उर,उपवन/उपवन,बाग)
10.ट्रेन <u>तीव्र</u> गति से चल रही है।( रेखांकित शब्द का विलोम शब्द है-मंद/लघु)
11.कर्म के आधार पर क्रिया के ----- भेद हैं।(तीन/दो)
12.भगवान द्वारा भेजी गई चिट्ठियाँ कौन नहीं पढ़ पाता ? (मनुष्य/पहाड़)
13 -------और------- भगवान के डाकिए हैं।(पहाड़ ,पौधे/पक्षी,बादल)
14. लोगों ने लेखक को सलाह दी कि समझदार आदमी इस शाम वाली बस से सफर नहीं करते क्योंकि --- निम्न कथनों में कौनसा कथन सही है ।
    (क) बस चार बजे जाती थी । (ख) बस में बहुत यात्री थे ।
    (ग) रास्तें में डाकू मिलते थे । (घ) बस डाकिन थी ।

15. सही जोड़ा बनाइए :

| (क) | (ख) |
|---|---|
| डाकिये | सविनय अवज्ञा |
| निर्दयी | धर्म |
| कानून | जड़ो के रोएँ |
| बस | पक्षी और बादल |

**प्रश्न.5. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1..चाव | | 10. डलिया | |
| 2. पगड़ी | | 11 .विनिमय | |
| 3. फबना | | 12 . निमित्त | |
| 4. बियाबान | | 13 इत्तफ़ाक | |
| 5. बेताबी | | 14. प्रयाण | |
| 6. धर्मभीरू | | 15 उजागर | |
| 7. गंतव्य | | 16 पर्दाफाश | |
| 8. ढाँढस | | 17 साँसत | |
| 9. विद्‌यमान | | 19 . विचित्र | |

**प्रश्न.6. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए-**

.

| | |
|---|---|
| 1. | बियाबान - |
| 2. | इत्तफ़ाक - |
| 3. | पर्दाफाश |
| 4. | गंतव्य - |
| 5. | विचित्र - |
| 6. | विद्‌यमान - |
| 7. | चाव - |
| 8. | पगड़ी |

**प्रश्न. 7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए-**

1. बदलू लेखक को क्या कहकर पुकारता था?
2. बदलू किस पेड़ के नीचे बैठकर काम किया करता था?
3. लेखक ने अपना परिचय किस नाम से दिया?
4. बस की यात्रा पाठ के लेखक कौन हैं?
5. बस के कितने मील चलने पर सारे भेदभाव मिट गए?
6. दीवानें कैसे चलते हैं?
7. दीवानें दुनिया में क्या लुटाकर चले?
8. 'भगवान के डाकिए' कविता के कवि कौन हैं?
9. 'भगवान के डाकिए'कविता हमें क्या संदेश देती है?
10. टिकट बाबू किस डिब्बे में लेखक को ढूँढ रहे थे?
11. 'क्या निराश हुआ जाए' पाठ में लेखक के कितने बच्चे थे ?
12. गंतव्य से कितने किलोमीटर पहले बस रूक गई थी ?
13. 'पानी की कहानी' पाठ के लेखक कौन हैं?
14. 'पानी की कहानी' पाठ में लेखक किससे बाते कर रहे हैं?
15. ओस की बूँद के कितने कण हो गए थे ?

**प्रश्न -8- निम्नलिखित अशुद्ध शब्दों से शुध्द शब्द चुनिए -**

1. क) महत्व ख) महत्त्व ग) महत्व घ) महततव
2. क) दृष्टि ख) द्रष्टि ग) दिष्टि घ) दर्षिट
3. क) निसान ख) नीशान ग) निशान घ) नीसान
4. क) लुभावना ख) लूभावना ग) लभावना घ) लुभवना
5. क) स्थिति ख) सिथति ग) स्थिती घ) सथिति
6. क) आक्रोश ख) आक्रौश ग) अक्रोश घ) आकोर्श
7. क) कोटरी ख) कौठरी ग) कोठरी घ) कोडरी
8. क)भीषण ख) भीशण ग) भिषण घ) बीषण
9. (क) मूरखता (ख) प्राथना (ग) विश्वासघात (घ) दोखा

**प्रश्न -9- निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों से शुध्द वाक्य चुनिए -**

1. (क) हमारा वाला स्कूल सबसे अच्छा है। (ख) हमारा स्कूल सबसे अच्छा है।
   (ग) हमारे वाले स्कूल सबसे अच्छा है। (घ) हमारा वाला स्कूल सबसे अच्छी है।
2. (क) अपना पता बताओ तुम? (ख) पता अपना बताओ तुम?
   (ग) तुम अपना पता बताओ? (घ) तुम पता अपना बताओ?

3. (क) महक ने काम कर लिया। (ख) महक काम ने कर लिया।
   (ग) महक ने कर लिया काम। (घ) लिया महक काम ने कर।
4. (क)मैं ने भी पानी पीना है। (ख) मुझको भी पानी पीना है।
   (ग) मैंने भी पानी पीना था। (घ) मेरे को भी पानी पीना है।
5. (क) मेरे चाची जी कल आएँगे। (ख) मेरी चाची जी कल आएँगी।
   (ग) मेरी चाची जी (घ) मेरा चाची जी कल आएँगी।
6. (क) हम बगीचा देखे थे। (ख) मेरे से यह काम नहीं होगा ।
   (ग) बाहर वर्षा हो रही है । (घ) हवा बह रहा है ।
7. (क) मेरे को खाना दे दो । (ख) मैं को खाना दे दो ।
   (ग) मुझे खाना दे दो । (घ) मेरे को भूख लगी है

**प्रश्न -10- निम्नलिखित वाक्यों में से कर्म के आधार पर क्रिया के भेद पहचान कर लिखिए -**

**1. लड़की सोती है।**

(क) सकर्मक क्रिया (ख) अकर्मक क्रिया (ग) एककर्मक क्रिया (घ) द्विकर्मक क्रिया

**2.अजय ने सुनीता को डाँटा।**

(क) अकर्मक क्रिया (ख) सकर्मक क्रिया (ग) एककर्मक क्रिया (घ) द्विकर्मक क्रिया

**3.अध्यापिका कहानी सुना रही है।**

(क) एककर्मक क्रिया (ख) द्विकर्मक क्रिया (ग) अकर्मक क्रिया (घ) सकर्मक क्रिया

**4. चिड़िया उड़ रही है।**

(क) अकर्मक क्रिया (ख) सकर्मक क्रिया (ग) एककर्मक क्रिया (घ) द्विकर्मक क्रिया

**5.राम क्रिकेट खेलता है।**

(क) एककर्मक क्रिया (ख) द्विकर्मक क्रिया (ग) अकर्मक क्रिया (घ) सकर्मक क्रिया

**6. पंकज पानी पीता है ।**

(क) अकर्मक (ख) द्विकर्मक (ग) सकर्मक (घ) सयुंक्त

**7. मैं सचिन को पत्र लिखूँगा ।**

(क) अकर्मक (ख) एककर्मक (ग) द्विकर्मक (घ) प्रेरणार्थक

**8. घोड़ा दौड़ रहा है ।**

(क) सकर्मक (ख) द्विकर्मक (ग) एककर्मक (घ) अकर्मक

**9. नमिता सो रही है।**

(क) सकर्मक (ख) अकर्मक (ग) द्विकर्मक (घ) एककर्मक

**10. जहाज उड़ रहा है ।**

(क) सकर्मक (ख) अकर्मक (ग) द्विकर्मक (घ) प्रेरणार्थक

**प्रश्न. 11. निम्नलिखित वाक्यों में से सकर्मक क्रिया के भेद पहचान कर लिखिए-**

**1.मीरा ने कविता लिखी।**

(क) एककर्मक क्रिया (ख) द्विकर्मक क्रिया (ग) अकर्मक क्रिया (घ) सकर्मक क्रिया

**2.माली पौधों को पानी देता है ।**

(क) सकर्मक क्रिया (ख) अकर्मक क्रिया (ग) एककर्मक क्रिया (घ) द्विकर्मक क्रिया

**3.मैं कहानी पढ़ चुकी हूँ।**

(क) एककर्मक क्रिया (ख) द्विकर्मक क्रिया (ग) अकर्मक क्रिया (घ) सकर्मक क्रिया

**4.नेहा ने दादी माँ को दवा पिलाई।**

(क) द्विकर्मक क्रिया (ख) एककर्मक क्रिया (ग) अकर्मक क्रिया (घ) सकर्मक क्रिया

**5.पिताजी बाज़ार से सेब लाए।**

(क) सकर्मक क्रिया (ख) अकर्मक क्रिया (ग) एककर्मक क्रिया (घ) द्विकर्मक क्रिया

**प्रश्न. 12. कर्म के आधार पर क्रिया के भेद लिखो।**

1. सलीम पुस्तक पढ़ रहा है।___________ 2. बच्चा गिर गया। ___________
3. बच्चा रो रहा है। ___________ 4. पक्षी उड़ते हैं। ___________
5. मोहसिन किताब पढ़ रहा है। ___________ 6. गीता स्कूल जाती है। ___________
7. बच्चे खेलने गए। ___________ 8. रमेश फल खाता है। ___________
9. गोपाल ने निबंध लिखा। ___________ 10. अध्यापक पाठ पढ़ा रहा है। ___________
11. मोर नाचता है। ___________ 12. बच्चा सो रहा है। ___________
13. माँ बाज़ार जाएगी। ___________ 14 - वह कविता पढ़ रही है। ___________

**प्रश्न. 13. सकर्मक क्रिया के भेद लिखो।**

1. अध्यापिका पुस्तक पढ़ा रही है। _______________
2. गोपाल ने डंडे से साँप को मारा। _______________
3 रमेश फ़िल्म देख रहा है। _______________
4. सलीम ने रयान को पुस्तक दी। _______________
5. नानी ने बच्चों को कहानी सुनाई। _______________
6. मालिक ने नौकर को वेतन दिया। _______________
7. मैं सुरेश को पत्र लिखता हूँ। _______________

8. बच्चे गुरुजन को प्रणाम करते हैं। ________________

9. रमेश फूल तोड़ रहा है। ________________

10. नरेन्द्र मोदी ने चुनाव जीता। ________________

11. प्रिया फल काट रही है। ________________

12. पिताजी अख़बार पढ़ रहे हैं। ________________

**प्र.14. निम्नलिखित शब्दों के सही पर्यायवाची शब्द चुनकर लिखिए-**

**1.पथिक -** (क) पथ, रास्ता (ख) राही, मुसाफिर (ग) मति, विवेक (घ) गहना, ज़ेवर

**2.अपमान -** (क) अवहेलना, निरादर (ख) दुश्मन, बैरी (ग) वस्त्र, पट (घ) निशा, रात्रि

**3.तलवार-** (क) दल, फौज (ख) शमशीर, असि (ग) राही, मुसाफिर (घ) सुधा, सोम

**4.हृदय-** (क) घमंड, अभिमान (ख) सुमन,फूल (ग) प्रगति ,विकास (घ) उर,मन

**5.बिजली-** (क) तड़ित , दामिनी (ख) बाग,उपवन (ग) दल, फौज (घ) अवहेलना, निरादर

**6.मार्ग -** (क) संत, महात्मा (ख) रास्ता ,पथ (ग) दुश्मन, बैरी (घ) सुधा, सोम

**प्र. 15. निम्नलिखित शब्दों के सही विलोम शब्द चुनकर लिखिए-**

**1.आरोप-** (क) विष (ख) प्रत्यारोप (ग) लघु (घ) मंद

**2.आलस्य -** (क) स्वीकार (ख) स्फूर्ति (ग) ठोस (घ)स्तुति

**3.अधम-** (क) उत्तम (ख) कठोर (ग) मंद (घ) विष

**4.निंदा -** (क) व्यय (ख) स्तुति (ग) साक्षर (घ) उत्तम

**5.दुर्लभ-** (क) प्रत्यारोप (ख) उत्तम (ग) सुलभ (घ) विष

**6.निरक्षर-** (क) सुलभ (ख) स्तुति (ग) साक्षर (घ) लघु

NOTE – Learn other antonyms and synonyms .

**प्र. 14. प्रतियोगिता विषय पर अनुच्छेद लिखिए-**

**प्र.15. पुस्तक मँगवाने के लिए पुस्तक विक्रेता को पत्र लिखिए-**

**प्र.16 . आपको जूतों की बिक्री बढ़ाने के लिए समाचार -पत्र में एक विज्ञापन देना है । इसके लिए विज्ञापन तैयार कीजिए।**

NOTE- Learn question answers from notebook and read textbook thoroughly.